तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पंकज जाखड़** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353678908535865	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/04/25	अपीलार्थी पंकज जाखड़ निवासी सी–214 कीर्ति नगर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 05.02.2025 को Control unit (Component of Electronic Voting Machine (EVM) की दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2024 तक की फिजिकल वैरीफिकेशन की संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 372 दिनांक 17.04..2025 से बतलाया कि प्रार्थी चाही गई सूचना के संबंध में दिनांक 25.03.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है तथा पत्र राजकाज रेफ 14367832 दिनांक 25.03.2025 द्वारा भी सूचित किया जा चुका है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर (जिला) मजिस्ट्रेट, प्रशासनिक जिला जोधपुर .....कार्यालय एवं जोधपुर संभाग संबंधित जनहित में प्रशासनिक .....पूर्ण जिलाधिकारी कार्यालय ।है जनहित में	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.30 16:51:38 IST
Reason: Approved